तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



12 नारी शक्ति मसाला प्रसंस्करण इकाई बनीं …



12 मुक्तिधाम को दिया जा रहा नया रूप अब बेहतर…





[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


## खबर संक्षेप

### आरोपी महिला के कब्जे से तीन लीटर महुआ शराब जब्त



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत संबलपुर निवासी 45 सोबिया खान पति अजीज के कब्जे से 9 मार्च को पुलिस ने 3 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी महिला अपने पास 3 लीटर महुआ शराब कीमत 250 रूपएं को रखी थी और बेचने के लिए ग्राहक के इंतजार में थी। पुलिस ने छापामार कार्यवाई किया और आरोपी महिला के कब्जे से अवैध शराब को बरामद कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जनसमस्याओं को लेकर 13 को पदयात्रा

**दुर्गूकोंदल।** क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर 13 मार्च शुक्रवार को एक दिवसीय पदयात्रा ग्रामीण करेंगे, इस संबंध में दुर्गूकोदल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। यह पदयात्रा ग्राम सुभानी खेड़ेगांव से शुरू होकर दुर्गूकोदल तहसील कार्यालय तक पहुंचेगी, जहां ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। प्रमुख मांगों में कोण्डे के मुख्य मार्ग से सुभानी खेड़ेगांव और स्कूलपारा भुसकी तक पक्की सड़क, साथ ही पुल-पुलिया, बिजली और पानी की व्यवस्था, कोण्डे में आवासीय विद्यालय खोलना है।

### राज्य कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में कृषि एवं समवर्गीय विभागों की समीक्षा बैठक कार्यालय उप संचालक कृषि, कांकेर के सभाकक्ष में 10 मार्च को हुई, जिसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। साथ ही समवर्गीय विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

### घायल का हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** नारायणपुर के टिमनार निवासी 30 वर्षीय बालसिंह मंडावी पिता बिल्लूराम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका 24 दिसंबर को मौत हो गया। रायपुर के निजी अस्पताल से अंतागढ़ थाना में अस्पताली मेमो पेश कर मौत का कारण सड़क दुर्घटना में आई चोट को बताया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बेवरती निवासी 55 वर्षीय अशोक उसेंडी पिता लालसिंग उसेंडी ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसका 9 मार्च को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया तब उसका मौत हो चुका था। मृतक द्वारा जहर खाने के कारणों का पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जंगलों को आग से बचाने की गई निगरानी की व्यवस्था

**दुर्गूकोदल।** वनपरिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वनपरिक्षेत्र दुर्गूकोदल के अंतर्गत कुल 34 बीट तथा 9 परिक्षेत्र आते हैं। इन सभी क्षेत्रों में वन संपदा की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। उनके नेतृत्व में वन विभाग का स्टाफ दिन और रात लगातार गश्त कर रहा है तथा किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरत रहा है।

## समर्पित नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर जंगल में सर्च ऑपरेशन तेज

# कांकेर के अंदरूनी इलाकों में छिपे नक्सली डंप की तलाश में जुटे पुलिस और सुरक्षा बल के जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कप्तान ने कहा यह अभियान का हिस्सा, बचे नक्सलियों से समर्पण करने किया अपील
- नक्सलियों के छिपे ठिकानों पर सुरक्षा बल की नजर

समर्पित नक्सलियों से मिले अहम इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों ने कांकेर जिले के घने जंगलों में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के डंप की तलाश की खबरें आ रही है। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने जंगलों में हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का बड़ा जखीरा छिपाकर रखा है, जिसे बरामद करने के लिए पुलिस और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों की सक्रियता एक बार फिर तेज हो गई है। हाल ही में आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जिले के अंदरूनी और दुर्गम जंगलों में सर्च अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य



नक्सलियों द्वारा जंगलों में छिपाकर रखे गए डंप को खोजकर नष्ट करना है। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार समर्पित नक्सलियों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि नक्सल संगठन अपने ऑपरेशन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जंगलों में कई जगहों पर हथियार, विस्फोटक सामग्री, वायरलेस सेट, दवाइयां, राशन और अन्य जरूरी सामान छिपाकर रखते हैं। इन डंप का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर नक्सली करते हैं। इसी जानकारी के आधार पर अब सुरक्षा बल इन संभावित ठिकानों की तलाश में लगातार जंगलों की खाक छान रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांकेर जिले के कई संवेदनशील इलाकों में जवानों की टीमों को भेजा गया है। इनमें पुलिस, जिला बल, डीआरजी और अन्य सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं। जवानों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी या अन्य विस्फोटक मिलने की आशंका भी रहती है। जंगल के अंदर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां नक्सलियों द्वारा सामग्री छिपाकर रखे जाने की संभावना है। इसके लिए मेटल डिटेक्टर और अन्य उपकरणों की मदद भी ली जा रही है।

### हर ठिकाने को ध्वस्त करना ही उद्देश्य

कांकेर जिले में चल रहा यह सर्च ऑपरेशन आने वाले दिनों में और तेज किया जा सकता है। सुरक्षा बलों का उद्देश्य नक्सलियों के हर ठिकाने को ध्वस्त करना और इलाके में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम करना है। वहीं, समर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ने से पुलिस को संगठन की अंदरूनी गतिविधियों की जानकारी भी मिल रही है, जो नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### डंप बरामद होने की संभावना

सुरक्षा बलों को उम्मीद है कि इस अभियान के दौरान नक्सलियों के डंप बरामद होने की संभावना है। इससे आमजनता को भी रिलीफ मिलेगी। अंदरूनी ईलाके के ग्रामीण इसी डर के चलते अंदरूनी जंगल नहीं जा पाते है। ग्रामीणों को भी बूबीट्रेप और आईईडी का डर बना रहता है।

### डंप की खोजबीन जारी, समर्पण करने किया अपील

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि कई प्रकार के अभियान चल रहे है। नक्सलियों के डंप की खोजबीन भी जारी है। हमारी उन नक्सलियों से अपील भी है कि जंगल छोड़कर सरकार की पुर्नवास नीति का लाभ उठा लें, क्योंकि नक्सल के सभी बड़े कैडर समर्पण कर चुके है। ऐसे में जंगल में छिपने की जरूरत नहीं है, सीधे मेरे जारी किए गए वाटसएप नंबर पर संपर्क कर सकते है।

## मीटर लगे बिना आ रहा बिजली बिल, विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभाग से की जांच व कार्रवाई की मांग

दुर्गूकोंदल क्षेत्र के साधुमिचगांव स्कूलपारा में विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले भावजी राम पिता कोलू राम के नाम से एक ऐसा बिजली मीटर जारी कर दिया गया है, जो उनके घर में लगा ही नहीं है, फिर भी हर महीने उसका बिजली बिल भेजा जा रहा है। जानकारी के अनुसार भावजी राम के नाम से मीटर नंबर 1004141512 दर्ज है, लेकिन उनके घर में यह मीटर कहीं भी स्थापित नहीं है। इसके बावजूद विभाग की ओर से हर माह बिजली बिल जारी किया जा रहा है और बिजली विभाग के कर्मचारी रीडिंग जांचने के नाम पर बिल थमाकर चले जाते हैं। इससे ▶▶|शेष पेज 12 पर

### ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिरों कोमरे एवं ग्रामीणों का कहना है कि जब मीटर लगा ही नहीं है तो उसका बिल कैसे वसूला जा सकता है। उन्होंने विद्युत विभाग से इस मामले की जांच कर गलत बिल को तत्काल सुधारने और जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। हरिभूमि ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल दुर्गूकोदल के कनिष्ठ यंत्री नरोत्तम सिंह राठिया से संपर्क किया, उनका कहना था कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है, इसकी जानकारी पता करने के बाद ही बताया जा सकेगा।

## पार्षदों ने एसडीएम से की सुभाषपारा मैदान को बचाने और अवैध निर्माण रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल सुभाषपारा मैदान की सुरक्षा और रामवाटिका में कथित अवैध निर्माण को लेकर नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के पार्षदों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों ने इन दोनों मामलों में त त का ल कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन देतते हुए मीडिया के सामने चेतावनी दिया कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

पार्षदों ने अपने ज्ञापन देने के उपरांत मीडिया को बताया कि सुभाषपारा मैदान नगर का प्रमुख खेल और सार्वजनिक आयोजन स्थल है, जहां समय-समय पर खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक आयोजन और सामाजिक गतिविधियां आयोजित होती रहती हैं। नगर पंचायत परिषद की बैठक में पूर्व में एक निजी संस्था को मैदान पट्टा देने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे परिषद ने स्पष्ट रूप से निरस्त कर दिया था। परिषद ने निर्णय लिया था कि इस मैदान को केवल खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा और नगर पंचायत द्वारा यहां पवेलियन, लाइटिंग, फुटपाथ-वे सहित सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए शासन को



करीब 43 लाख रुपये का प्रस्ताव भी भेजा गया है।

पार्षदों का आरोप है कि परिषद के निर्णय के बावजूद उनकी जानकारी के बिना मैदान में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जो परिषद के निर्णय के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, ताकि मैदान की मूल उपयोगिता बनी रह सके। दूसरा मामला वार्ड क्रमांक 04 स्थित कन्या माध्यमिक शाला परिसर के पीछे स्थित रामवाटिका से जुड़ा है। पार्षदों ने बताया कि पिछले वर्ष पार्षद निधि से यहां बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब किसी व्यक्ति द्वारा ग्रीननेट लगाकर उसके भीतर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में स्कूल स्टाफ ने पूर्व में एसडीएम कार्यालय में शिकायत भी की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### पार्षदों ने दी स्पष्ट चेतावनी

*पार्षदों ने यह भी बताया कि रामवाटिका परिसर में कांटेदार झाड़ियां और पेड़-पौधे उग आए हैं, जिससे स्कूल के बच्चों को कीड़े-मकोड़ों और सांप-बिच्छुओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से अवैध निर्माण को तत्काल रोकने, परिसर की साफ-सफाई कराने और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्षदों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने दोनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो नगर पंचायत के सभी पार्षद आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।*



### स्व. बलिराम की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अस्पताल में किया फल वितरण

**कांकेर।** भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता स्व. बलिराम कश्यप की पुण्यतिथि पर भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा कोमल देव शासकीय अस्पताल में फल वितरण किया गया। फल वितरण से पूर्व स्व बलिराम कश्यप के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व बस्तर में भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में उनके योगदान को याद करते नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री जितेन्द्र मरकाम, जिला मंत्री उत्तम जैन, जिला कार्यालय प्रभारी प्रदीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक, मंडल महामंत्री गिरधर यादव, भाजयुमो जिला महामंत्री घनेन्द्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, शैलेंद्र शोरी, मंजु सारथी, विजय लालवानी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीवी 74 के जंगल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- वन संपदा और वन्यजीवों पर मंडराया संकट

जिले के अंतिम छोर स्थित कापसी वन परिक्षेत्र के पीव्ही 74 के जंगल में भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आग लगातार फैलती जा रही है, जिससे जंगल की बहुमूल्य वन संपदा के साथ-साथ वन्यप्राणियों के जीवन पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आग कई घंटों से धधक रही है, लेकिन वन विभाग की ओर से इसे बुझाने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार कापसी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीव्ही 74 के जंगल में अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते जंगल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेना शुरू कर



### अधिकारी नहीं है गंभीर

इस संबंध में जब कापसी वन परिक्षेत्र के रेंजर तारम से फोन के माध्यम से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। ऐसे में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

दिया। आग के कारण जंगल में मौजूद पेड़-पौधे और सूखी झाड़ियां तेजी से जल रही हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में लगी आग काफी समय से धधक रही है और हवा के कारण यह धीरे-धीरे आसपास के क्षेत्रों में भी फैलती जा रही है। आग के चलते जंगल में रहने वाले वन्यजीवों के सामने भी संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई छोटे जीव-जंतु और पक्षियों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है, जबकि बड़े वन्यजीव भी अपने प्राकृतिक आवास से पलायन करने को मजबूर हो सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो यह और बड़े क्षेत्र में फैल सकती है, जिससे जंगल को भारी क्षति पहुंच सकती है। लोगों ने वन विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### शांतिपूर्ण ढंग से हुई 10वीं की बोर्ड परीक्षा



**पखांजूर।** परलकोट क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल हरनगढ़ में केंद्र अध्यक्ष अरुण कीर्तनिया ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा की 10 वीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपनी अंतिम परीक्षा दी। छात्रों के खिले चेहरे परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्र से बाहर निकलते छात्रों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ देखी जा सकती थी। केंद्र अध्यक्ष अरुण कीर्तनिया ने बताया कि सभी नियमों का पालन करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा कराया गया है। परीक्षा के संचालन में केंद्र अध्यक्ष अरुण कीर्तनिया और उप प्राचार्य श्यामल कुमार देवनाथ की भूमिका रही।

## दो माह से स्कूल से गायब सहायक शिक्षक एक के भरोसे चल रहा पूरा स्कूल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- खंड शिक्षा अधिकारी ने जारी किया नोटिस, वेतन रोका

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी जिन शिक्षकों के कंधों पर होती है, वही यदि लंबे समय तक बिना सूचना के स्कूल से गायब हो जाएं तो हालात क्या होंगे, इसका उदाहरण पखांजूर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। यहां एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में दो में से एक शिक्षक पिछले दो महीनों से नदारद है, जिसके कारण पूरी स्कूल व्यवस्था एक ही शिक्षक के भरोसे चल रही है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ने लगा है।

पखांजूर क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला पीवी 71 में शिक्षा व्यवस्था इन दिनों पटरी से उतरती नजर आ रही है। स्कूल में पदस्थ दो शिक्षकों में से एक सहायक शिक्षक देवराज तितरम पिछले करीब दो महीनों से बिना किसी पूर्व सूचना के स्कूल से अनुपस्थित हैं। उनकी इस लापरवाही का सीधा असर स्कूल के

### नोटिस जारी

खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील ने बताया कि अनुपस्थित सहायक शिक्षक देवराज तितरम को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही बिना सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के कारण उनका पिछले दो महीनों का वेतन भी रोक दिया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

संचालन और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल में तैनात दूसरे शिक्षक दिनेश विश्वास ने बताया कि साथी शिक्षक के लंबे समय से अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अकेले होने की वजह से उन्हें सभी कक्षाओं के बच्चों को एक साथ पढ़ाना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्कूल से जुड़े प्रशासनिक कार्यों के अलावा मध्यान्ह भोजन योजना की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर आ गई है। एक ही शिक्षक पर पूरे स्कूल का बोझ होने से पढ़ाई का नियमित संचालन प्रभावित हो रहा है। शिक्षक दिनेश विश्वास ने इस स्थिति की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को भी दे दी है।

## नगर पालिका से तत्काल कदम उठाने की मांग, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर चिंता

# मरीन ड्राइव की सुंदरता पर आवारा पशुओं का साया, व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के नव विकसित मरीन ड्राइव को नगरवासियों के लिए एक आकर्षक और सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में तैयार किया गया है। शाम होते ही यहां बड़ी संख्या में लोग सैर-सपाटा करने, परिवार के साथ समय बिताने और प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने पहुंचते है, लेकिन इन दिनों मरीन ड्राइव की खूबसूरती पर आवारा पशुओं का साया पड़ता दिखाई दे रहा है। यहां खुलेआम घूमते पशु न केवल इस स्थल की सुंदरता को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं।

नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए इस मरीन ड्राइव को शहर की पहचान के रूप में विकसित करने की कोशिश की गई थी। सुंदर रेलिंग, साफ-सुथरा वॉकिंग ट्रैक और हरियाली के बीच बना यह स्थल लोगों को आकर्षित करता है, लेकिन हाल के दिनों में यहां आवारा मवेशियों की संख्या



बढ़ती जा रही है। शाम और रात के समय कई गाय-बैल यहां घास चरते और इधर-उधर घूमते हुए नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरीन ड्राइव पर रोजाना बड़ी संख्या में परिवार, बच्चे और बुजुर्ग टहलने आते हैं। ऐसे में आवारा पशुओं का यहां घूमना कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। कई बार अचानक पशु लोगों के बीच आ जाते हैं, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन जाती है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति अधिक खतरनाक हो सकती है। इसके अलावा मवेशियों के कारण यहां की साफ-सफाई भी प्रभावित हो रही है। घास के मैदान और आसपास के क्षेत्र में पशुओं के बैठने और गंदगी फैलाने से मरीन ड्राइव की सुंदरता पर असर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इतनी मेहनत और खर्च से तैयार किए गए इस स्थल की देखरेख और सुरक्षा के लिए नगर पालिका को ठोस कदम उठाने चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि मरीन ड्राइव के आसपास पर्याप्त निगरानी और व्यवस्था नहीं होने के कारण पशु आसानी से अंदर आ जाते हैं। यदि नगर पालिका चाहें तो यहां उचित बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था और नियमित निगरानी के जरिए इस समस्या को रोका जा सकता है।

### नगरवासियों ने नगर पालिका से की मांग

नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग किया है कि मरीन ड्राइव क्षेत्र में आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाए और साथ ही शहर में आवारा मवेशियों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी योजना बनाई जाए, ताकि सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता और लोगों की सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सके। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो शहर की पहचान बनता जा रहा मरीन ड्राइव अपनी सुंदरता खो सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की राह

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लखपति दीदी पहल के अंतर्गत चार महिलाओं को ई–रिक्शा प्रदान किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने रविवार को मोर सुआद में आयोजित कार्यक्रम में चार महिलाओं को ई–रिक्शा वितरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चंद्रा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी और कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। दीदी ई–रिक्शा योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों को ई–रिक्शा



प्रदान किया गया। लाभान्वित महिलाओं में ग्राम सातगांव की श्रीमती मेहन्दी बाई पाण्डे, ग्राम पंचायत दुधगांव चिखलपुटी की श्रीमती बुका कश्यप और श्रीमती सोमारी बाई, तथा ग्राम संबलपुर की श्रीमती मीना पटेल शामिल हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, डीपीएम कुंजलाल सिन्हा, दुर्योधन मेघ, बीपीएम फागूराम साहू, श्रम विभाग के अधिकारी–कर्मचारी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# संभाग स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन में उमड़ी महिलाएं

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को लालबहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम, जनपद पंचायत बस्तर में संभाग स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे बस्तर संभाग से हजारों की संख्या में माताएं, बहनें, स्व–सहायता समूह की महिलाएं और विभागीय कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल मिला है और परिवार की स्थिति मजबूत हुई है। कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर परियोजना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोसमी चनाभर्री निवासी राधिका सोरी भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं में शामिल हैं। उन्हें



इस योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। राधिका सोरी ने बताया कि इस राशि का उपयोग वे अपने पोता–पोती की शिक्षा, परिवार के स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक कार्योंर् में करती हैं।

### सुकन्या समृद्धि योजना में भी शुरू की बचत

उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाकर बचत की शुरुआत भी की है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने शासन की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ–साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की जन–सुनवाई 13 को



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 13 मार्च को संभाग स्तरीय जन–सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जन–सुनवाई प्रेरणा सभा कक्ष, कलेक्ट्रेट भवन जगदलपुर जिला बस्तर में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। जन–सुनवाई में महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक तथा सदस्य दीपिका शोरी, ओजस्वी मंडावी, लक्ष्मी वर्मा और सरला कोसरिया द्वारा संभाग स्तर पर प्राप्त 84 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इनमें कोंडागांव जिले से 17 प्रकरण शामिल हैं। इस संबंध में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत तथा सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रचार–प्रसार किया गया है, ताकि संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें।

### कोंडागांव में 13 मार्च को लगेगा एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प

**कोण्डागांव।** शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोंडागांव द्वारा 13 मार्च 2026 शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में कुल 396 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। यह प्लेसमेंट कैम्प कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने स्थित आशा सिलाई सेंटर के बाजू, कोंडागांव में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में कई निजी कंपनियों द्वारा भर्ती की जाएगी, जिनमें प्रमुख रूप से स्काई ऑटोमोबाइल कोंडागांव में रिलेशनशिप मैनेजर के 6 पद और रिसेप्शनिस्ट के 2 पद सेल्फ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस भिलाई में सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, फील्ड ऑफिसर, ट्रेनिंग ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर और अकाउंटेंट के 2–2 पद तथा लेबर के 200 पद स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस प्रा. लि. में फील्ड ऑफिसर के 30 पद शामिल हैं।

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने नगर पालिका में जमा किया समेकित कर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव में वित्तीय वर्ष 2025–26 का समेकित कर, यूजर चार्ज और जल शुल्क जमा कराकर नागरिकों को कर भुगतान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर पन्ना ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि घर का सूखा और गीला कचरा नालियों में न फेंके। कचरे को अलग–अलग कर स्वच्छता दीदी को ही दें, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सके। कलेक्टर ने नागरिकों से नगर पालिका के सभी करों का समय पर भुगतान करने का आग्रह किया, जिससे नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि नगरवासी शनिवार के दिन भी नगर पालिका कार्यालय में समस्त करों की राशि जमा कर सकते हैं।

## साफ–सफाई और बुनियादी सुविधाओं में पाई गई कमी

# कलेक्टर ने स्कूल में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी, प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने रविवार को गोलावण्ड स्थित पीएमश्री योजना अंतर्गत पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अव्यवस्था पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्य को फटकार लगाई और डीएमसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

- पीएमश्री विद्यालय गोलावण्ड का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा विद्यालय प्रबंधन और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होना गंभीर विषय है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ–सफाई की खराब स्थिति, प्रयोगशाला में आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की कमी तथा बालिका शौचालय के अनुपयोगी होने की स्थिति सामने आई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक उपकरण और फर्नीचर की पूर्ति करने तथा साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



### छात्रवास में पेयजल और भोजन व्यवस्था सुधारने के निर्देश

कलेक्टर ने विद्यालयीन स्टाफ की बैठक लेकर निर्देशित किया कि पीएमश्री योजना के मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। छात्रवास निरीक्षण के दौरान पेयजल और भोजन व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, डीएमसी ईमल बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र हरवेल का निरीक्षण कर लिया सुविधाओं का जायजा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को केशकाल विकासखंड के ग्राम हरवेल स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य कर्मियों से प्रसव संबंधी सुविधाओं और उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता और सुव्यवस्थित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए वहां पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों की रचनात्मक पहल की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्र हरवेल की तर्ज पर अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्वच्छता और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ



अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रवास के लिए चिन्हांकित भूमि का लिया जायजा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार को वनमंडलाधिकारी कार्यालय के पास प्रस्तावित पोस्ट मेट्रिक ओबीसी कन्या छात्रवास भवन के लिए चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थल का विस्तृत अवलोकन कर नवनिर्मित छात्रवास भवन के लेआउट निर्धारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए, ताकि छात्रओं के लिए बेहतर और सुविधाजनक अधोसंरचना विकसित की जा सके। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जल अर्पण एवं जल उत्सव पखवाड़ा के तहत चिचाड़ी में जनजागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत चिचाड़ी में जल अर्पण एवं जल उत्सव पखवाड़ा के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व–सहायता समूहों तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

- महिलाओं और स्व–सहायता समूहों की रही सक्रिय भागीदारी
- जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जल संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा महिलाओं को इन विषयों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### जल संरक्षण में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान

इस अवसर पर ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं स्व–सहायता समूह की महिलाओं भूरीबाई निषाद, फूलबासन सोम, गेंदीबाई सोम, चमेली सोम, ऊषा भंडारी सहित जल वाहिनी से जुड़ीं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का शपथ एवं संकल्प लिया। यह आयोजन महिला सम्मान, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुकमन नेताम, जनपद सदस्य सुषमा तिवारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता आर.पी. जोशी, उपअभियंता कुमारी निभा कोर्राम, परियोजना समन्वयक महादेव यदु, प्रमोद कुमार ध्रुव, परदेशी राम यादव सहित ग्राम पंचायत के सरपंच लोकेश्वरी चंद्रवंशी, सचिव हीरामन मरकाम, उपसरपंच रमेश कुमार नेताम तथा वार्ड पंच उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर वर्षों तक युवती का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**फरसगांव।** फरसगांव। थाना क्षेत्र के एक ग्राम में युवक द्वारा शादी का झूठा प्रलोभन देकर युवती का कई वर्षों तक यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर फरसगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

फरसगांव पुलिस ने बताया पीड़िता द्वारा 09 मार्च को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2019 से पीड़िता का पांडेआठगांव निवासी राजकुमार मरकाम से प्रेम संबंध था । आरोपी राजकुमार मरकाम द्वारा पीड़िता को तुम्हें पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं कह कर विगत 4-5 वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा था। वर्ष 2021 में आरोपी राजकुमार मरकाम द्वारा पीड़िता को तुमसे शादी करूंगा कहकर अपने घर ले आया और शारीरिक शोषण करता रहा । शादी की बात कहने पर टाल मटोल करता रहा और अंततः शादी करने से इनकार कर दिया एवं घर से बाहर निकाल दिया कि पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 21 /2026 धारा 69 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय एसडीओपी फरसगांव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फरसगांव निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के हमराह टीम गठित कर चंद घंटे के अंदर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय में पेश किया गया। निरीक्षक- चंद्रशेखर श्रीवास, उप निरीक्षक- शशि भूषण पटेल, सहा उप निरी.-सुमित्रा सेठिया, महिला प्रधान आर. बीना मांडवी, आर.घनश्याम यादव, कृष्ण कुमार सोनवानी महिला आर.-लक्ष्मी मरकाम का प्रमुख योगदान रहा।

## कस्टम मिलिंग में लापरवाही पर राइस मिल ब्लैकलिस्ट

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर केशकाल स्थित दाऊद एग्रो राइस मिल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान के कस्टम मिलिंग कार्य के लिए 27 दिसंबर 2025 को दाऊद एग्रो राइस मिल को अनुमति प्रदान की गई थी। अनुमति के बाद मिलर को जिला विपणन अधिकारी कोंडागांव के साथ अनुबंध कर बैंक गारंटी जमा करते हुए धान का उठाव करना था, लेकिन फर्म द्वारा निर्धारित समय में अनुबंध नहीं किया गया।

इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी द्वारा फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। फर्म ने मशीनरी खराब होने और मरम्मत कार्य चलने का कारण बताया। दोबारा नोटिस देने के बाद भी फर्म ने वही कारण प्रस्तुत किया, जिसे परीक्षण के दौरान असंतोषजनक पाया गया। राज्य शासन की कस्टम मिलिंग नीति के अनुसार मिलर के लिए धान की कस्टम मिलिंग करना तथा मिल को चालू हालत में बनाए रखना अनिवार्य है। निर्देशों के उल्लंघन के चलते छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत फर्म की खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए जारी अनुमति निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

# जिला न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय कोण्डागांव, तालुका केशकाल एवं नारायणपुर में महिला दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला न्यायालय कोण्डागांव में कार्यरत समस्त महिला कर्मचारियों को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किया गया अभिनंदन

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद न्यायिक अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा जिला न्यायालय के सभी महिला कर्मचारियों का तिलक एवं बैच लगाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति और प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनके योगदान से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव होती है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज के विकास



में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षित और सशक्त महिला से मजबूत होता है समाज

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने कहा कि महिलाएं कभी मां, बहन, बेटी और सशक्त नेता के रूप में समाज को आगे बढ़ाती हैं। एक शिक्षित और सशक्त महिला पूरे परिवार और समाज को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम में गठित समिति की अध्यक्ष रेशमा बैरागी पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सदस्य गायत्री साय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उमाकांत स्वाई न्यायालय उपाधीक्षक सहित जिला न्यायालय के सभी न्यायिक महिला कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रसिद्ध हस्तशिल्पी स्व. तातीराम की पुत्री ने आगे बढ़ाई पारंपरिक कला

# लौह हस्तशिल्प में नगीना ने बनाई अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर की पारंपरिक लौह हस्तशिल्प कला में नगीना विश्वकर्मा का नाम आज एक उभरते हुए कलाकार के रूप में तेजी से पहचान बना रहा है।

- कुंभ मेले से लेकर देशभर की प्रदर्शनियों में कर रहीं बस्तर की कला का प्रतिनिधित्व

सामान्यतः लौह हस्तशिल्प को पुरुष प्रधान कार्य माना जाता है, लेकिन इस परंपरा को चुनौती देते हुए नगीना विश्वकर्मा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है।

नगीना विश्वकर्मा सुप्रसिद्ध लौह हस्तशिल्पी स्वर्गीय तातीराम विश्वकर्मा की सबसे छोटी पुत्री हैं। अगस्त 1993 में जन्मी नगीना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डोंगरीगुड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बस्तर संभाग



मुख्यालय से नर्सिंग की पढ़ाई की, लेकिन पारिवारिक वातावरण में रची–बसी पारंपरिक लौह एवं तुमा हस्तशिल्प कला ने उन्हें इस क्षेत्र की ओर आकर्षित किया। लोहार परिवार से होने के कारण बचपन से ही नगीना का झुकाव हस्तशिल्प और कला की ओर रहा। पिता के साथ विभिन्न हस्तशिल्प प्रदर्शनियों और बिक्री आयोजनों में भाग लेते हुए उन्होंने इस कला की बारीकियों को सीखा और धीरे–धीरे खुद भी एक कुशल हस्तशिल्पी के रूप में स्थापित हो गईं।

### कुंभ मेले में किया बस्तर की कला का प्रतिनिधित्व

हाल ही में आयोजित कुंभ मेले में पिता के अस्वस्थ होने के कारण नगीना ने स्वयं प्रदर्शनी और बिक्री में भाग लेकर बस्तर की पारंपरिक लौह हस्तशिल्प कला का प्रतिनिधित्व किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा वह देश के विभिन्न महानगरों और नगरों में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनियों में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं।

### प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी निभा रहीं भूमिका

नगीना विश्वकर्मा विभिन्न शासकीय और गैर–शासकीय विद्यालयों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बतौर प्रशिक्षक भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति ने उन्हें अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए हस्तशिल्प के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है। नगीना विश्वकर्मा की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि बस्तर की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा के लिए भी गर्व का विषय है।

# ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार, आवास और चावल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत शनिवार को सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस और चावल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत जी राम राम योजना के प्रावधानों, उद्देश्यों और इसके माध्यम से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन के लिए डबरी निर्माण के महत्व के बारे में बताया गया। बताया गया कि डबरी निर्माण से जल संरक्षण के साथ–साथ कृषि और पशुपालन जैसे कार्यों में भी लाभ मिलता है। साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. संजय बने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उप संयोजक



**गीदम।** छग शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. संजय ठाकुर को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उप संयोजक पद का दायित्व सौंपा गया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि डॉ. ठाकुर के मार्गदर्शन और संगठनात्मक अनुभव से फेडरेशन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई ऊँचाइयां प्राप्त होंगी। डॉ. ठाकुर को बधाई देने वालों में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बस्तर संभाग के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर, कांकेर अमरसिंह नाग, नारायणपुर निर्मल शार्दूल कोंडागांव, के डी राय बीजापुर एवं संभागीय अध्यक्ष, शैलेन्द्र भदौरिया सुकमा, तेजराम दंतेवाड़ा और देवदास कश्यप बस्तर, रामकुमार महन्ती जिला सचिव दंतेवाड़ा और सुनीता गोस्वामी संभागीय उपाध्यक्ष बस्तर शामिल हैं।

### किसान योजना की 22वीं किस्त 13 को होगी जारी

**बीजापुर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के लिए खुशखबरी है। 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री असम के गुवाहाटी से शाम लगभग 5 बजे देशभर के किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि हस्तांतरित करेंगे। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत देश के लगभग 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी जाएगी।

## निधन

### नीरज शर्मा



**जगदलपुर।** शांतिनगर निवासी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी घनश्याम शर्मा के पुत्र 44 वर्षीय नीरज शर्मा का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हो गया है। टाटा मोटर्स के अधिकृत डीलर जगदलपुर मोटर्स के संचालक नीरज शर्मा ने बहुत ही कम समय में व्यापार जगत में नई उचाइयाँ हासिल की थी। वो बहुत ही सरल, सहज, हंसमुख, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे एवं सामाजिक, धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका में रहे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यवसाई एवं नगर के गणमान्य जन शामिल हुए। वे अपने पीछे माता, पिता, पत्नी, एक पुत्र व पुत्री सहित भरपुरा परिवार छोड़ गए।

# एएमएनएस के सहयोग से पढ़ापुर में नवीन मुक्तिधाम निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

- पुराने मुक्तिधाम के बाजू में बनेगा नया चिता स्थल



नगर के पढ़ापुर स्थित मुक्तिधाम लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में था, जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नगरवासियों की इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी ने पूर्व में एएमएनएस के महाप्रबंधक राघवेलू एवं कल्याण चक्रवर्ती से नवीन मुक्तिधाम एवं चिता स्थल निर्माण हेतु चर्चा की थी। नगरहित में की गई इस मांग को स्वीकार करते हुए एएमएनएस प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए आज दिनांक 10 मार्च से निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी है। जानकारी के अनुसार पुराने मुक्तिधाम के बाजू में ही नवीन मुक्तिधाम एवं चिता स्थल का निर्माण किया जाएगा, जिससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को बेहतर, स्वच्छ और व्यवस्थित सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। मुक्तिधाम का नया निर्माण होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और अंतिम संस्कार की व्यवस्था पहले से अधिक सुगम हो सकेगी नगर के विकास और जन सुविधाओं को मजबूत करने के लिए नगर पालिका निरंतर प्रयासरत है। एएमएनएस के सहयोग से शुरू हुआ यह निर्माण कार्य निश्चित रूप से नगरवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाते खोलने में लाएं तेजी

# ग्रामीणों को दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए सैचुरेशन शिविर आयोजित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में दिए निर्देश

जिले में संचालित शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने नियद नेल्लानार क्षेत्रों में शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने तथा स्वीकृत अधोसंरचना निर्माण कार्यों को बरसात से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नियद नेल्लानार क्षेत्रों सहित आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके सभी आवश्यक दस्तावेज सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और बैंक खाते खुलवाने की प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने विशेष रूप से तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाते शीघ्र खोलने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकांश शासकीय योजनाओं की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित होती है, इसलिए सभी हितग्राहियों का बैंक खाता होना आवश्यक है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए कहा।

इस दौरान डीएफओ रमेश जांगड़े तथा इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बलगा ने अधिकारियों को फील्ड भ्रमण के दौरान शाखकर्तन कार्यों का निरीक्षण करने और ग्रामीणों को जंगल में आग न लगाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि जंगल में आग लगने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और मिट्टी की उर्वरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में महुआ संग्रहण का कार्य तेज होने के कारण ग्रामीणों को महुआ और इमली के समर्थन मूल्य की जानकारी देने तथा वनोपज को समर्थन मूल्य से कम दाम पर नहीं बेचने के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# युवाओं को मिला मछली पालन पर प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

गीदम ब्लॉक स्थित यूथ हब गीदम जावंगा में कृषि विज्ञान केंद्र गीदम के सहयोग से मत्स्य पालन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 और 7 मार्च को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 25 से 30 युवा उद्यमियों ने भाग लिया, जो मछली पालन के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक हैं।

प्रशिक्षण के पहले दिन प्रतिभागियों को मछली पालन से संबंधित सैद्धांतिक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा तालाब प्रबंधन, मछलियों की उपयुक्त प्रजातियां, आहार प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी युवाओं को दी गई, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। दूसरे दिन प्रतिभागियों के लिए फील्ड विजिट का आयोजन किया गया, जहाँ उन्हें मत्स्य पालन की इकाइयों का अवलोकन कराया गया और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान युवाओं ने मछली पालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं को करीब से समझा। आयोजकों के अनुसार इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को मत्स्य पालन के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण में शामिल युवाओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई।

# जवानों ने रक्तदान कर पुण्य कार्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

- सीआरपीएफ 217वीं बटालियन ने 87 वें स्थापना दिवस पर आयोजित की रक्तदान शिविर




बीते लंबे समय से कोंटा मुख्यालय में सेवा दे रही सीआरपीएफ 217 वीं बटालियन ने अपने 87वें स्थापना दिवस मनाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अपने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर सामाजिक सरोकारों एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य लगातार विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए। डीआईजी राजेश पाण्डे के मार्गदर्शन में 217 बटालियन के कमांडेंट विजय शंकर के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय शंकर कमांडेन्ट ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा की रक्तदान एक महान एवं पुण्य का कार्य है। जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान मिल सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते हुए कहा कि सीआरपीएफ न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए समर्पित है, बल्कि समाज सेवा एवं मानवता की भलाई के कार्यों में भी हमेशा अपनी महत्वपुर्ण भूमिका निभाती रही हैं। रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अमितावा साहू, वीरेंद्र सिंह तथा नीर सिंह मीणा द्वितीय कमान अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनदीप सिंह एवं डी राजा इलमपार्थी, सहायक कमांडेन्ट की उपस्थिती में लगभग 18 जवानों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने का मुख्य उददेश्य है कि आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद मरिजों को समय पर रक्त मिल सके। चिकित्सा टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का आवश्यक स्वाथ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सुरक्षित रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। रक्त संग्रहण की प्रकिया पूरी तरह सुरक्षित एवं स्वास्थ्य मानको के अनुरूप सपन्न कराई गई।

### वयोवृद्ध की बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रशिक्षण शुरू



**बीजापुर।** जिले में वयोवृद्ध नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 9 से 11 मार्च तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बीजापुर के प्रशिक्षण कक्ष में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से आयोजित हो रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीजापुर जिले के चारों ब्लॉकों से आए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) भाग ले रहे हैं।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता सबका दिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

विकासखंड बस्तर अंतर्गत प्राथमिक शाला माझीगुड़ा में कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

- प्राथमिक शाला माझीगुड़ा में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों का भावपूर्ण विदाई

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की मनमोहक नृत्य और गीत प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, ग्रामीणों और अतिथियों का मन मोह लिया।

विद्यालय की शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों द्वारा कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप पेन वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था। प्रधानाध्यापक नारायण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने माता-पिता, विद्यालय और गांव का नाम रोशन करें तथा आगे बढ़कर समाज और देश के लिए जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनें। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक भी उपस्थित रहे। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अभिभावकों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और स्नेहपूर्ण संदेश मिला, जिससे उनके मनोबल में वृद्धि हुई और वे आगे की पढ़ाई के लिए और अधिक उत्साहित नजर आए।

### लेखक राहुल की पुस्तक रुकना सीखिए का प्रकाशन

**जगदलपुर।** बस्तर के युवा लेखक राहुल कुमार पांडेय की पुस्तक रुकना सीखिए पाठकों के लिए उपलब्ध है। पुस्तक का संदेश यह है कि जीवन के कई बड़े पछतावे केवल कुछ क्षण रुककर और सोचकर टाले जा सकते हैं।

# अंकित बने युवाओं के लिए प्रेरणा

## छोटे से गांव से यूपीएससी तक कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के छोटे से ग्राम गुदमा के युवा अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 816वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे बस्तर संभाग और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सीमित संसाधनों और दूरस्थ क्षेत्र में रहते हुए अंकित ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इरादों के सामने परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं। अंकित की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉल के माध्यम से उनसे और उनके माता-पिता से बातचीत कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी अंचल के छोटे से गांव गुदमा से निकलकर यूपीएससी जैसी देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि अंकित की सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए एक मिसाल है और यह दिखाती है कि कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### युवाओं को दिया सफलता का मूलमंत्र

अंकित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करें और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सभी युवाओं को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अंकित के माता-पिता जमुना सकनी और सकनी चंद्रैया ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें अपने बेटे की उपलब्धि पर गर्व है। उनकी यह सफलता न केवल बीजापुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनके संघर्ष और उपलब्धि की कहानी यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो तो दूरस्थ गांव से निकलकर भी देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की जा सकती है।

### कलेक्टर, एसपी और सीईओ जिला पंचायत ने किया सम्मान

बीजापुर स्थित सेन्ट्रल लाईब्रेरी में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने अंकित सकनी का सम्मान किया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि अंकित की सफलता बीजापुर जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि अंकित की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने भी अंकित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने अंकित से पढ़ाई और सफलता से जुड़ी कई जिज्ञासाएं साझा कीं। अंकित ने बताया कि उन्होंने जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई बेमेतरा के अलायंस स्कूल में की। इसके बाद उन्होंने भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने यह भी बताया कि यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हें युवा कैरियर योजना के तहत एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई, जिससे उनकी तैयारी को और मजबूती मिली।

# माध्यमिक शाला रोतमा में पोषण वाटिका का निर्माण, बच्चों को मिल रही ताजी सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



युथ एंड ईको क्लब कार्यक्रम के तहत बस्तर ब्लॉक के संकुल रोतमा अंतर्गत माध्यमिक शाला रोतमा में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के संयुक्त प्रयास से पोषण वाटिका का निर्माण किया गया है। विद्यालय परिसर में तैयार की गई इस पोषण वाटिका में विभिन्न प्रकार की हरी साग-सब्जियां, पपीता तथा केला जैसे पौधे लगाए गए हैं, जिनकी देखरेख विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर कर रहे हैं।

विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना में इसी पोषण वाटिका में उगाई गई ताजी सब्जियों का उपयोग किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को पौष्टिक एवं ताजा भोजन उपलब्ध हो रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। शिक्षकों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना भी है। विद्यार्थी भी बड़े उत्साह के साथ पौधों की देखभाल कर रहे हैं और विद्यालय परिसर को हराभरा बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बस्तर ब्लॉक के कई विद्यालयों में भी इसी प्रकार पोषण वाटिका का निर्माण किया गया है, जहां विद्यार्थियों को ताजा सब्जियां उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### बचत से खड़ा किया अपना व्यवसाय

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा परियोजना अंतर्गत ग्राम कामानार की रहने वाली श्रीमती लच्छनदई बघेल बताती हैं कि राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही थी। उन्होंने इस राशि को तात्कालिक खर्चों में व्यय करने के बजाय भविष्य की सुरक्षा और आय बढ़ाने के साधन के रूप में देखा। जब योजना की 10 किश्तें जमा होकर 10 हजार रुपये की पूंजी बन गईं, तो लच्छनदई के मन में स्वरोजगार का विचार आया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने अंशु

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर तथा भाजपा संगठन



महामंत्री पवन साय की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन की अनुशंसा पर कांकेर भाजपा जिला युवा मोर्चा के पूर्व महामंत्री अनिमेष शुक्ल (अंशु) को भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। अनिमेष शुक्ल को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

### स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन आज

**जगदलपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बस्तर द्वारा 11 मार्च को रैम्प योजनांतर्गत बैंक इन्वेस्टर मीट एवं स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन कार्यालय कलेक्टर के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया है। इसमें औद्योगिक नीति 2024-30 व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के हितग्राहियों को बैंक से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा, जिसमें सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधि एवं बैंक के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

पेज 9 का शेष...

### मीटर लगे बिना...

उपभोक्ता और ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। पीड़ित ने बताया कि उनके घर में पहले से दो मीटर लगे हुए हैं, जिनके नंबर 1006043170 और 1000719987 हैं। तीसरे मीटर का न तो कोई पता है और न ही यह जानकारी है कि वह कहां स्थापित किया गया है। इसके बावजूद उस मीटर का वर्तमान बिल 1910 रुपए दिखाया जा रहा है।

# नारी शक्ति मसाला प्रसंस्करण इकाई बनीं ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बिहान कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इससे महिलाएं न केवल स्वरोजगार से जुड़ रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बना रही हैं। जनपद पंचायत चारामा की महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। ग्राम तेलगरा की नारी शक्ति स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं ने आजीविका सृजन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल की है। समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत 40-40 हजार की व्यावसायिक सहायता राशि प्रदान की गई। इस राशि से महिलाओं ने मसाला उत्पादन के लिए पिसाई एवं पैकेजिंग मशीन खरीदी और नारी शक्ति मसाला प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की। इस इकाई के माध्यम से अब समूह की महिलाएं मसालों का उत्पादन और पैकेजिंग कर बाजार में विक्रय कर रही हैं। शासन द्वारा महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग के लिए दक्ष बनाया गया। वर्तमान में उनके उत्पाद विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के किराना दुकानों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कॉलेज, छात्रावास तथा जिला और राज्य स्तर पर आयोजित सरस मेलों में भी विक्रय किए जा रहे हैं।

## आजीविका सृजन की दिशा में प्रेरणादायक पहल

### महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य

इस प्रयास से समूह की प्रत्येक महिला को प्रतिमाह लगभग 10 से 12 हजार रुपए तक की आमदनी प्राप्त हो रही है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे संसाधनों से बड़े बदलाव का सशक्त उदाहरण बन रही हैं। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज में नई पहचान बना सकती हैं। जनपद पंचायत चारामा के सीईओ गोपाल सिंह कंवर ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य है।




### 1600 समूहों का हो चुका है गठन

बीपीएम ने बताया कि विकासखंड चारामा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अब तक 1600 से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। ये समूह कृषि, पशुपालन, लखपति दीदी योजना, आईएफसी योजना, ऑनलाइन एंट्री कार्य सहित विभिन्न सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से जुड़कर अपनी आय में लगातार वृद्धि कर रहे हैं।

### कलेक्टर व व जिला पंचायत सीईओ ने स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा

# मुक्तिधाम को दिया जा रहा नया रूप बेहतर सुविधाएं जुटाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के मुक्तिधाम को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। आम नागरिकों की भावनाओं से जुड़े इस स्थान को सम्मानजनक और बेहतर स्वरूप देने के लिए जीर्णोद्धार और विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार 10 मार्च को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने मुक्तिधाम पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर क्षीरसागर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम आम नागरिकों की भावनाओं से जुड़ा स्थान होता है, इसलिए यहां पर बेहतर और सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर और



गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। कलेक्टर ने यह भी कहा कि शासन के निर्देशानुसार मुक्तिधाम में आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में आवश्यकता के अनुसार यहां और भी विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाएगी, ताकि मुक्तिधाम परिसर को और अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक, पार्षद हितेंद्र खटवानी तथा वार्ड पार्षद टिकेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने मुक्तिधाम परिसर में आवश्यक सुविधाओं के संबंध में अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखी। कलेक्टर ने उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यकतानुसार आगे भी विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

### डीएमएफ के 25 लाख की लागत से हो रहा जीर्णोद्धार

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) निधि से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम परिसर में जीर्णोद्धार तथा पाथवे निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य नगर पालिका परिषद कांकेर के माध्यम से कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य मुक्तिधाम को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आम लोगों के लिए सुविधाजनक बनाना है, ताकि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकें।

### निरीक्षण के दौरान यह रहे उपस्थित

मुक्तिधाम के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया, नगर पालिका की उप अभियंता पूजा सार्वा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# नरहरपुर में भाजपा मंडल प्रभारी विजय का प्रथम आगमन

## संगठनात्मक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नवनियुक्त मंडल प्रभारी विजय कुमार मंडावी का नरहरपुर में प्रथम आगमन हुआ। आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित संगठन की परिचयात्मक बैठक में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मंडल प्रभारी विजय कुमार मंडावी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर एवं जिला मंत्री हेम प्रभा कटबेर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक मुकेश संचेती ने



कहा कि मंडल प्रभारी के मार्गदर्शन में नरहरपुर मंडल में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता निरंतर कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, कुशल नेताम, रेवती सिन्हा, भागवत शोरी, आसकरण धुव, आशा राम जूरी, टेशवर जैन, बलदेव ठाकुर बिहारी, कुलदीप कोमल, नेवला रामू साहू, धनेश कौशिक, लता जैन सहित मंडल के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में वार्षिक परीक्षाएं शुरू 280 छात्र-छात्राएं हो रहे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल (भंडारडिग्गी) में शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक परीक्षाओं की शुरुआत 10 मार्च से हो गई है। विद्यालय में कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं, नवमी और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा को लेकर विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच उत्साह और गंभीरता का माहौल देखा जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई होती है और इसी के अनुरूप वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षाएं 10 मार्च से प्रारंभ होकर 20 मार्च तक चलेंगी। इस परीक्षा में विद्यालय के कुल 280 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई हैं। परीक्षा कक्षों में उचित व्यवस्था, समयपालन और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शिक्षक और कर्मचारी लगातार सहयोग कर रहे हैं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राएं समय से पहले विद्यालय पहुंचकर अपनी-अपनी कक्षाओं में परीक्षा देने के लिए तैयार नजर आए। कई विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने पूरे वर्ष मेहनत से पढ़ाई की है और अब वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# बलिराम कश्यप की पुण्यतिथि पर कोरर मंडल ने किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर ने 10 मार्च बस्तर के माटी पुत्र स्व. दादा बलिराम कश्यप की पुण्यतिथि पर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी के सीनियर नेता और बस्तर के जननेता कहे जाने वाले दादा स्व बलिराम कश्यप की आज पुण्यतिथि है।

बलिराम कश्यप छत्तीसगढ़ की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे। उनका निधन 10 मार्च 2011 में हुआ था। वह चार बार लोकसभा के सांसद रहे एवं जन्म साल 1936 में हुआ था। बलिराम कश्यप साल 1972 से 1992 तक अविभाजित मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे, 1977 से 78 तक मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री रहे। वह आदिवासी कल्याण विभाग के भी मंत्री रहे। इसके बाद वह पहली बार एक साल के लिए लोकसभा में 1998 से 1999 तक सांसद रहे फिर वह लगातार 1999 यानी 13वीं लोकसभा साल 2004, 14वीं लोकसभा और साल 2009, 15वीं लोकसभा में



लगातार सांसद बने रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंकर लाल यादव, मंडल के उपाध्यक्ष चउथ राम उईके, युवा मोर्चा के जिला मंत्री राजेश पांडे, किसान मोर्चा के जिला मंत्री रनजीत सिंह राठौर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगेश कोमरा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष उमेंद्र गावडे, भाऊराम कोसमा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष भागीरथी जुर्री, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष चंदन साहू सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांकेर पुलिस के लिए आयोजित किया पिकनिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांकेर पुलिस द्वारा महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सरोना तहसील के ग्राम दुधावा में एक विशेष पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला पुलिसकर्मियों को अपने दैनिक कार्य की व्यस्तता से कुछ समय निकालकर सकारात्मक वातावरण में आपसी संवाद, मनोरंजन और उत्साहवर्धन का अवसर प्रदान करना था।

पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के लिए कई मनोरंजनात्मक गतिविधियां रखी गईं। इन गतिविधियों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर दिन को यादगार बनाया। पिकनिक स्थल पर सौहार्दपूर्ण और उत्साह से भरा वातावरण देखने को मिला, जहां महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ खुलकर संवाद किया और आपसी सहयोग की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष



इंटरएक्टिव सेशन भी आयोजित किया गया।

इस सत्र में महिला अधीनस्थ कर्मचारियों को अपनी समस्याएं, सुझाव और कार्यस्थल से जुड़े अनुभव साझा करने का अवसर दिया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई और महिला कर्मचारियों ने अपने विचार खुलकर व्यक्त किए। कांकेर जिले में यह पहली बार है जब महिला अधिकारी और कर्मचारियों के लिए इस प्रकार का विशेष पिकनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल को महिला पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, डीएसपी आईयूसीएडब्ल्यू प्रतिभा लहरें, डीएसपी मुख्यालय विंकेश्वरी पिंदे, डीएसपी अजाक कविता धुर्वे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संयुक्त कलेक्टर ने आत्मानंद विद्यालय दुर्गुकोंदल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर गंगाधर वाहिले ने विद्यालय के विभिन्न विभागों और सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले केमिस्ट्री लैब, फिजिक्स लैब और बायोलॉजी लैब का अवलोकन करते हुए प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरणों तथा विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक अध्ययन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी,



हेल्थ केयर रूम तथा मीडिया कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां व्यवस्थाओं में कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए और विद्यालय में अध्ययन का वातावरण और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। संयुक्त कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कई कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ संतोषजनक उत्तर दिया। विद्यार्थियों की समझ और उत्साह को देखकर उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को इसी तरह लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मानंद विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा मिल सके। इसके लिए शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम, नोडल अधिकारी दिलीप सेवता, मनीष गौतम, एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जैन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-



रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411